23.08.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत उन्नत टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से बढ रहा है आगे ।
- प्रदेश में टाइगर रिजर्व कोरिडोर के लिए फोरलेन सड़क का होगा निर्माण, कहा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने।
- राजधानी भोपाल में आज से स्वसहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला शुरू।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, अगले 24 घंटों के लिए कई जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री अंतरिक्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आज कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति लोगों के जीवन को आसान बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी।

श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कम समय में ही युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। उन्होंने देश के स्टार्टअप और निजी सेक्टर से आगे आने का आव्हान किया कि वो देश में 5 यूनीकोर्न तैयार करें और प्रतिवर्ष 50 बड़े रॉकेट लांच करने की क्षमता विकसित करें।

लोकार्पण

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। सात किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया है। इस मौके पर 4 हजार 250 करोड़ से अधिक लागत की 174 किलोमीटर लंबी नौ सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया।

श्री गडकरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जबलपुर से कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व कोरिडोर के लिए साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क कनेक्टिविटी की घोषणा भी की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और अच्छी सड़कों से किसानों का जीवन भी बेहतर होता है।

चौहान – अंतरिक्ष दिवस

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो ने एक भू–पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल सूखे, वर्षा, मौसम और अन्य मापदंडों पर सटीक जानकारी प्रदान करता है, जिससे किसानों को अपनी फसलों की योजना अधिक प्रभावी ढंग से बनाने में मदद मिलती है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के सत्र को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को अब फसल नुकसान के सटीक

आंकड़े प्राप्त होते हैं। श्री चौहान ने कहा कि यह तकनीक फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सटीक मुआवजा देने में सक्षम बनाती है।

कटनी– माइनिंग कॉनक्लेव

आज कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉनक्लेव 2.0 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विषय–विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन.टू.वन चर्चा की। कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हुये। कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज और चूना पत्थर एवं सीमेंट रहे।

सिंधिया दौरा

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अशोकनगर जिले के ग्राम पथरिया स्थित नवीन केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ किया।
वही श्री सिंधिया आज गुना के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित 33वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा श्री सिंधिया ने अशोकनगर और गुना जिलों के बाढ़ग्रस्त गॉवों का दौरा कर जायजा लिया।

आजीविका फ्रेश

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का दो दिवसीय 'आजीविका फ्रेश' मेला आज से राजधानी के भोपाल हाट में आयोजित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न जिलों से स्व–सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि एवं दुग्ध–उत्पादों सहित अन्य सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शन किया जा रहा है।

पौधा रोपण

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत इंदौर में 5100 पौधों के साथ 'मां की बगिया' के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़ धरती मां का श्रृंगार है – पेड़ से हमें विनम्रता सीखने को मिलती है

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर जोर पकड़ चुका है और अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश के ऊपर से गुजर रही मानसून टर्फ और उत्तरी हिस्से में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बारिश का दौर बना हुआ है। अगले 24 घंटे में नीमच और मंदसौर में अति भारी बारिश होने की संभावना है जबकि शिवपुरी, मुरैना, गुना, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

बंदियों की सजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जेल विभाग को प्रदेश की जेलों के पात्र दंडित बंदियों की सजा में लगभग 60 दिन की छूट देने के निर्देश दिए हैं। सजा में दी गई इस छूट से विभिन्न जेलों में बंद 21 हजार बंदियों में से लगभग 14 हजार बंदी लाभान्वित होंगे। जनसंपर्क अधिकारी संदीप कपूर ने बताया कि राज्य सरकार की इस समय पूर्व रिहाई नीति में आतंकवादी गतिविधि, लैंगिक अपराध, मादक पदार्थ और दो से अधिक हत्या जैसे गंभीर अपराध के दोषी बंदी पात्र नहीं होते हैं, उनकी सजा यथावत रहेगी।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित "मां तुझे प्रणाम" योजना के अंतर्गत जिले में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- मंदसौर में आज एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अभियान के तहत एक राष्ट्र एक चुनाव से देश को होने वाले फायदे एंव बढ़ने वाली विकास की रफ्तार की जानकारी दी।

- आगरमालवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाये जा रहे स्वस्थ यकृत मिशन अभियान के तहत जिले के 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की जांच की जा रही है।

- डिंडोरी में आज पोला पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार कृषि में बैलों की अहम भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, उन्हें सम्मानित करने और उनकी पूजा करने के लिए मनाया जाता है।

- नर्मदापुरम में आज शनिचरी पोला अमावस्या के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई।

- बैतूल जिले में आज "माटी गणेश–सिद्ध गणेश"अभियान के अंतर्गत इको–फ्रेंडली मिट्टी के गणेश बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।